प्रेषक,

शिवराज कुमार यादव,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खाद्य प्रसंस्करण अनुभाग **लखनऊः दिनांकः 07 जुलाई, 2023**

विषयः **वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत सरकार द्वारा जनजाति श्रेणी हेतु अवमुक्त केन्द्रांश के सापेक्ष अनुदान सं0-81 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2401-796-01-0116-प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में आय-व्ययक प्राविधान की सीमान्तर्गत केन्द्रांश की धनराशि रू0-218.81 लाख को अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-24/बजट/2023-24, दिनांक-23.05.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान सं0-81 लेखाशीर्षक-2401-796-01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएं-0116-प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (के.60/रा.40-के.+रा.) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त केन्द्रांश रू0 475.00 लाख के सापेक्ष रू0 218.81 लाख (रूपया दो करोड़ अठारह लाख इक्यासी हजार मात्र) की बजट प्रावधान की सीमांतर्गत वित्तीय स्वीकृति के साथ आपके निवर्तन पर रखते हुए निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

1. प्रश्नगत योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप F.No.FM-11/53/2021-FME दिनांक 18.11.2021 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2. स्वीकृत की जा रही धनराशि को योजना के निर्दिष्ट नोडल बैंक में नियमानुसार जमा कराये जाने का पूर्ण दायित्व निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा वित्त नियंत्रक, निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का होगा।

3. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय योजना की गाइड लाइन्स/भारत सरकार के दिशा-निर्देश एवं संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा।

4. प्रस्ताव में आकड़ों की शुद्धता का दायित्व निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं वित्त नियंत्रक, निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का होगा।

6. प्रस्तावित वित्तीय स्वीकृति उपलब्ध बजट प्राविधान की सीमा के अन्तर्गत रहेगी, यह निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं वित्त नियंत्रक, निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का उत्तरदायित्व रहेगा।

.....2/-

http://shashanadesh.up.gov.in

7. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

8. धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 एवं अन्य सुसंगत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 2,18,81,000 (रुपये दो करोड़ अठारह लाख इक्यासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 081 **लेखा शीर्षक** 2401007960116 प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (के.60/रा.40-के) **मानक मद** 27 सब्सिडी के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-1-58-X-2023-24-दिनांक:14-6-2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शिवराज कुमार यादव)
संयुक्त सचिव।

संख्या-64/2023/448(1)/58-2-2023, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, सत्यनिष्ठा भवन, 15, थार्न हिल रोड, प्रयागराज ।
(3) संयुक्त सचिव, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।
(4) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(5) वित्ता नियंत्रक/आहरण एवं वितरण अधिकारी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 लखनऊ।
(6) वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
(7) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
(8) वित्त संसाधन (केन्द्रीय सहायता) अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
(9) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिवराज कुमार यादव)
संयुक्त सचिव।

http://shasnadesh.up.gov.in